भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**लोक सभा**

लिखित प्रश्न सं. †2467

सोमवार, 4 अगस्त, 2025/13 श्रावण, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**नदी-तटीय धार्मिक पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देना**

**†2467. श्री अरविंद धर्मापुरी:**

**श्री अभिमन्यु सेठी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले पाँच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान पर्यटन विकास और संवर्धन के लिए तेलंगाना में किसी नदी-तटीय धार्मिक/पर्यटन स्थल को चिन्हित किया है;

(ख) यदि हाँ, तो ऐसे स्थलों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है और हाल के वर्षों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के बीच इन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या सरकारी हस्तक्षेप के कारण इन स्थलों पर पर्यटकों की संख्या में कोई वृद्धि देखी गई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) आगामी वर्षों में इन स्थलों पर क्रूज पर्यटन विकसित करने की कितनी संभावना है और इसके अवसंरचना के विकास पर अनुमानित व्यय का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार की ओडिशा के तटीय जिलों, विशेष रूप से धामरा, पारादीप और गोपालपुर जैसे बंदरगाहों पर क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने की कोई योजना है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी चल रही योजनाओं के माध्यम से तेलंगाना राज्य सहित देश में पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकसित करने के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके उनके प्रयासों को संपूरित करता है।

तेलंगाना राज्य में नदी-तटीय धार्मिक/पर्यटन स्थलों सहित अवसंरचना विकास संबंधी परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

इन अवसंरचना विकास संबंधी परियोजनाओं का उद्देश्य पर्यटकों की संख्या और समग्र पर्यटक अनुभव को बढ़ाना है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय अपने सतत प्रयासों के तहत विभिन्न प्रचार संबंधी गतिविधियों जैसे कार्यक्रम, वेबसाइट, सोशल मीडिया प्रचार, मेलों और महोत्सवों आदि के माध्यम से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

(घ): क्रूज पर्यटन सहित पर्यटक स्थलों और उत्पादों का विकास एवं संवर्धन संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। मंत्रालय क्रूज पर्यटन सहित पर्यटन के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं और पहलों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रयासों को संपूरित करता है।

(ङ): पर्यटन मंत्रालय ने तटीय क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वदेश दर्शन योजना के तटीय परिपथ के तहत ओडिशा में "गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास" नामक परियोजना को मंजूरी दी है जिसमें सड़क विकास, पर्यटक स्वागत केंद्र, जेट्टी, जल क्रीड़ा उपकरण, क्रूज नौकाएं आदि जैसे प्रमुख घटक शामिल हैं।

*****

**अनुबंध**

श्री अरविंद धर्मापुरी और श्री अभिमन्यु सेठी द्वारा नदी-तटीय धार्मिक पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के संबंध में दिनांक 04.08.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †2467 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**तेलंगाना में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 38.90 |
| 2. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 62.00 |
| 3. | भद्राचलम, भद्राद्रि कोठागुडेम जिले में तीर्थयात्रा अवसंरचना का विकास | 41.38 |
| 4. | देवी रेणुका येल्लाम्मा देवस्थानम में मूलभूत सुविधाओं का विकास | 4.22 |

**तेलंगाना में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परिपथ का नाम/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | महबूबनगर जिले में इको पर्यटन परिपथ का विकास | 91.62 |
| 2. | जनजातीय परिपथ 2016-17 | मुलुगु - लकनावरम - मेदवरम - तड़वई - दमारवी - मल्लूर - बोगाथा झरनों का विकास | 79.87 |
| 3. | विरासत परिपथ 2017-18 | कुतुबशाही विरासत पार्क - पैगाह मकबरे - हयात बख्शी मस्जिद - रेमंड का मकबरा का विकास | 96.90 |

**तेलंगाना में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | गंतव्य | एक्सपीरियंस का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | भोंगीर | भोंगीर किला एक्सपीरियंशियल जोन | 56.81 |
| 2. | अनंतगिरि | अनंतगिरि वन में इको पर्यटन जोन | 38.00 |

**तेलंगाना में चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | नलगोंडा के बुद्धवनम में डिजिटल अनुभव केंद्र | 24.85 |
| 2. | निज़ाम सागर, कामारेड्डी में इको-पर्यटन परियोजना का विकास | 9.98 |

**तेलंगाना में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई योजना) के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | रामप्पा में, रामप्पा क्षेत्र स्थायी पर्यटन परिपथ | 73.74 |
| 2. | नल्लामाला में, सोमसिल्ला निरोगता और आध्यात्मिक आश्रयस्थल | 68.10 |

**तेलंगाना में 'अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | संजीवैया पार्क, हैदराबाद, तेलंगाना में वॉटर स्क्रीन और म्यूजिकल फाउंटेन सहित मल्टीमिडिया लेजर शो | 50.00 |
| 2. | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और शुरूआत तथा प्रकाश व्यवस्था | 11.79 |
| 3. | हैदराबाद रेलवे स्टेशन | 4.41 |
| 4. | कांचीगुडा रेलवे के अग्रभाग की प्रकाश व्यवस्था | 3.41 |

*****